मुख्यमंत्री सचिवालय

प्रेस विज्ञप्ति

रांची,दिनांक: 15/04/2026

मुख्यमंत्री सचिवालय
प्रेस विज्ञप्ति --160/2026
15 अप्रैल 2026
झारखण्ड मंत्रालय, रांची
==============================
झारखंड मंत्रालय में मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन की उपस्थिति में वित्त विभाग, झारखंड सरकार और इंडियन बैंक के मध्य राज्य सरकार के कर्मचारियों का वेतन खाता पैकेज (Salary Account Package) एवं राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (NHM) के कर्मचारियों का वेतन खाता और एचआरआईएस पैकेज समझौता ज्ञापन (MoU) पर हस्ताक्षर कार्यक्रम संपन्न हुआ।
==============================
इस एमओयू का मुख्य उद्देश्य कर्मचारियों को बेहतर बैंकिंग सुविधाएं तथा वित्तीय सुरक्षा प्रदान करना है।
==============================
इस अवसर पर दो महत्वपूर्ण MoU पर हस्ताक्षर किए गए, जिनमें वेतन पैकेज तथा राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (NHM) के कर्मियों के लिए विशेष सुविधाएँ शामिल हैं।
==============================

◆ मुख्यमंत्री ने राज्य के सर्वांगीण एवं समावेशी विकास में बैंकों के योगदान को बताया महत्वपूर्ण।
==============================

◆ मुख्यमंत्री ने कहा - राज्य के विकास में बैंक सहयोगी के रूप में अपनी भूमिका निभाए।
==============================

- राज्य सरकार और इंडियन बैंक के बीच हुए एमओयू का लाभ हजारों स्वास्थ्य कर्मियों को मिलेगा

- प्रत्येक क्षेत्र में डिजिटल व्यवस्था का विस्तार जरूरी

श्री हेमन्त सोरेन, मुख्यमंत्री, झारखण्ड।
==============================

मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि झारखंड सरकार और इंडियन बैंक के मध्य आज से एक नई कड़ी जुड़ रही है। राज्य सरकार और इंडियन बैंक के बीच आज एक अहम समझौता ज्ञापन (एमओयू) हस्ताक्षर हुआ है, जो स्वास्थ्य विभाग के कर्मियों के लिए एक महत्वपूर्ण सहायता के रूप में कार्य करेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि अक्सर मनुष्य के जीवन में अनेक उतार-चढ़ाव आते हैं। कई बार ऐसे अवसर भी आते हैं जब लोग स्वयं को असहाय और निराश महसूस करते हैं, विशेषकर स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के समय ऐसी भावना उत्पन्न होती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि महज कुछ वर्ष पूर्व ही पूरी दुनिया ने कोरोना महामारी का सामना किया। कोरोना एक ऐसी स्वास्थ्य आपदा थी, जिसका प्रारंभिक समय में कोई स्पष्ट समाधान या उपचार उपलब्ध नहीं था। इस महामारी ने न केवल देश, बल्कि पूरी दुनिया को प्रभावित किया और लाखों लोगों ने अपनी जान गंवाई। इसी प्रकार कई ऐसे स्वास्थ्य संबंधित समस्याएं समय-समय पर देखने को मिलता है जो सामान्य, मध्यम एवं गरीब वर्ग के परिवारों के लिए बहुत बड़ी चुनौती बन जाती है। मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन आज झारखंड मंत्रालय में आयोजित झारखंड सरकार और इंडियन बैंक के मध्य राज्य सरकार के कर्मचारियों का वेतन खाता पैकेज (Salary Account Package) एवं राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (NHM) के कर्मचारियों का वेतन खाता और एचआरआईएस पैकेज समझौता ज्ञापन (MoU) पर हस्ताक्षर समारोह को संबोधित कर रहे थे।

समझौता ज्ञापन का लाभ स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत हजारों कर्मियों को मिलेगा

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार एवं इंडियन बैंक के बीच आज हुए समझौता ज्ञापन का लाभ वर्तमान समय में एनएचएम सहित स्वास्थ्य के क्षेत्र में कार्य कर रहे हजारों कर्मियों को मिलेगा। स्वास्थ्य कर्मियों के लिए यह एमओयू एक अत्यंत उपयोगी और लाभकारी पैकेज है। इससे स्वास्थ्य कर्मियों का मनोबल अवश्य बढ़ेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि कई बार स्वास्थ्य कर्मियों को संक्रमण के खतरे वाले क्षेत्रों में कार्य करना पड़ता है और वे बड़े जोखिम उठाकर अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हैं। ऐसे में उनका बीमा और वित्तीय सुरक्षा सुनिश्चित होना आवश्यक है, ताकि वे निर्भीक होकर अपना कार्य कर सकें। मुख्यमंत्री ने कहा कि निश्चित रूप से इंडियन बैंक के साथ हुए समझौता ज्ञापन के अंतर्गत आने वाले पैकेज का लाभ लेकर एनएचएम स्वास्थ्य कर्मी खुशी और मजबूती के साथ अपना योगदान देंगे। मुख्यमंत्री ने इंडियन बैंक के सभी पदाधिकारियों को शुभकामना देते हुए कहा कि आज राज्य सरकार के साथ इंडियन बैंक कदम बढ़ा रही है। वर्तमान में बैंक की योजनाओं का लाभ और सहायता राज्य सरकार में कार्यरत स्वास्थ्य कर्मियों मिलेगा, इसके अलावा भी राज्य के सर्वांगीण विकास में इंडियन बैंक की भूमिका रहेगी ऐसा मुझे पूरा विश्वास है।

वर्तमान समय में प्रत्येक क्षेत्र में डिजिटल व्यवस्था का विस्तार आवश्यक

मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि आने वाले समय में डिजिटल व्यवस्था के विस्तार के साथ बैंकिंग सेवाओं से न केवल सरकारी कर्मचारी, बल्कि श्रमिक वर्ग भी व्यापक रूप से जुड़ेगा। ऐसी स्थिति में बैंकों की जिम्मेदारी और भी बढ़ जाती है। मुख्यमंत्री ने स्वास्थ्य विभाग एवं NHM के सभी कर्मियों को शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि वे इस विशेष पैकेज का अधिक से अधिक लाभ उठाएं।

इस अवसर पर वित्त मंत्री श्री राधाकृष्ण किशोर, स्वास्थ्य मंत्री डॉ० इरफ़ान अंसारी, मुख्य सचिव श्री अविनाश कुमार, स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव, श्री अजय कुमार सिंह, वित्त विभाग के सचिव श्री प्रशांत कुमार, इंडियन बैंक एमडी-सीईओ श्री बिनोद कुमार सहित अन्य पदाधिकारीगण उपस्थित थे।

=========================

#Team PRD(CMO)